Fourteenth Loksabha

Session : 11
Date : 16-08-2007

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title: Need to release the pending funds earmarked for cleansing of Jal Mahal in Jaipur, Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, भारत सरकार ने जयपुर स्थित जल महल के विकास और सौन्दर्यकरण हेतु लगभग 12 करोड़ रूपया देने का निर्णय लिया था और इसके साथ ही जो गंदा जल, जल महल में एकत्रित होता है, उस पानी को साफ करने के लिए एक संयंत्र लगाने का आश्वासन दिया था, परन्तु भारत सरकार ने अभी तक बहुत कम राशि ही राजस्थान सरकार को दी है जिसके कारण काम गति नहीं पकड़ पा रहा है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि शीघ्र ही शो राशि राजस्थान सरकार को दें और जल संयंत्र पानी साफ करने के लिए लगाया जाना था उसे तुरन्त लगाया जाये।